मैया करुँगी मैं सोलह श्रृंगार

मैया करुँगी मैं सोलह श्रृंगार हमारी गली आ जाना,
आ जाना री मैया आ जाना......

पायल मैया की छन छन छनके,
बिछुए मैया के चम चम चमके,
लगाके महावर लाल हमारी गली आ जाना,
मैया करुँगी मैं सोलह श्रृंगार हमारी गली आ जाना..........

लहंगा मैया का लगे प्यारा प्यारा,
सुंदर सा मैया देखो इनका नजारा,
मैया ओढ़ चुनरिया लाल हमारी गली आ जाना,
मैया करुँगी मैं सोलह श्रृंगार हमारी गली आ जाना..........

चुड़िया मैया की खन खन खनके,
कंगना मैया का चम चम चमके,
लगाकर के मेहँदी लाल हमारी गली आ जाना,
मैया करुँगी मैं सोलह श्रृंगार हमारी गली आ जाना..........

हार मैया का चम चम चमके,
माला मैया की चम चम चमके,
मैया पहन के झुमके लाल हमारी गली आ जाना,
मैया करुँगी मैं सोलह श्रृंगार हमारी गली आ जाना..........

नथनी मैया की लगे प्यारी प्यारी,
इसकी शोभा जग से न्यारी,
लगाके सिंदूर लाल लाल हमारी गली आ जाना,
मैया करुँगी मैं सोलह श्रृंगार हमारी गली आ जाना..........

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/31259/title/mayia-karugi-main-solah-shringar

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |